तेरा दरबार साँचा है

तू साँची है भवानी माँ,तेरा दरबार साँचा है ,
टिका जिसपे जगत सारा , तेरा माँ प्यार साँचा है

तेरे मंदिर में जो आते , कभी खाली नही जाते
मुरादे मन की वो पाते,तेरा उपकार साँचा है
तू साँची है भवानी माँ तेरा दरबार साँचा है
टिका जिसपे जगत सारा , तेरा माँ प्यार साँचा है

तेरी में राह निहारु माँ , सभी कुछ तुझपे वारु माँ
ये जीवन में सवारु माँ तेरा उजियार साँचा है
तू साँची है भवानी माँ तेरा दरबार साँचा है
टिका जिसपे जगत सारा , तेरा माँ प्यार साँचा है

अटल विश्वास नैनो में , दरर्श की प्यास नैनो में
है यही आस नैनो में माँ तेरा आधार साँचा है
तू साँची है भवानी माँ तेरा दरबार साँचा है
टिका जिसपे जगत सारा , तेरा माँ प्यार साँचा है

भाग्य सोया जगादो माँ , भजन में भी लगा दो माँ
कष्ट भूलन भगादो माँ तेरा प्रचार साँचा है
तू साँची है भवानी माँ तेरा दरबार साँचा है
टिका जिसपे जगत सारा , तेरा माँ प्यार साँचा है

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/21248/title/tera-darbar-sancha-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |